भारत सरकार/Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग/Department of Atomic Ener
भारी पानी बोर्ड/Heavy Water Board

सत्यमेव जयते

भारी पानी बोर्ड (के.का.), मुंबई को सर्वोत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु मिला वर्ष 2024-25 का राजभाषा शील्ड

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नवी मुंबई द्वारा दिनांक 19.11.2025 को आयोजित छमाही बैठक में वर्ष 2024-25 के दौरान सर्वोत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन तथा सर्वोत्कृष्ट गृहपत्रिका हेतु राजभाषा शील्ड प्रदान किया गया। यह अत्यंत ही गर्व का विषय है कि भारी पानी बोर्ड (के.का.), मुंबई को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नवी मुंबई द्वारा सर्वोत्कृष्ट कार्यान्वयन (केंद्रीय कार्यालय) हेतु वर्ष 2024-25 के लिए " तृतीय पुरस्कार" से सम्मनित किया गया। इस अवसर पर भारी पानी बोर्ड (के.का.) से श्रीमती अजीथा थरियन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और श्री भास्करानंद झा, उप निदेशक (राजभाषा) उपस्थित थें जिन्होंने नराकास अध्यक्ष, उप निदेशक(कार्यांवयन), राजभाषा विभाग आदि जैसे मंचासीन गणमान्यों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजभाषा शील्ड ग्रहण किया। यह सम्मान भारी पानी बोर्ड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों के परिणामस्वरुप ही मिला है।

राजभाषा शील्ड ग्रहण करते हुए श्रीमती अजीथा थरियन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और श्री भास्करानंद झा, उप निदेशक (राभा)